बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन

जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-८०० ००१

दूरभाष :
अध्यक्ष : 226623 (R)
महासचिव : 220227 (O) / 286865 (R)
कोषाध्यक्ष : 351334 (R)

अध्यक्ष
वजीन्द्र नारायण सिंह
(डब्लू० एन० सिंह)

महासचिव
गंगाधर लाल दास
(जी० एल० दास)

उपाध्यक्ष
फेराक अहमद
अरुण चन्द्र मिश्र

संयुक्त सचिव
अर्जुन प्रसाद
कृष्ण मुरारी शर्मा

कोषाध्यक्ष
केशव रंजन प्रसाद

Truth Will Triumph

पत्र संख्या..........................

पटना
दिनांक....3-10-2000..

प्रेस विज्ञप्ति

बिहार प्रशासनिक सेवा के हड़ताल का आज 41वाँ दिन है। संघ की एक बैठक संघ भवन में श्री डब्लू० एन० सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई एवं हड़ताल की समीक्षा की गई। सरकार को भ्रमित करने वाले एक वरिष्ठ नौकरशाह ने आज दि0-3.10.2000 को देख लिया कि कहीं 33% 3 [तीन] प्रतिशत भी कुल में हड़ताली ड्यूटी में नहीं आये एवं हड़ताल पूर्व से भी अधिक जोश में चट्टानी एकता के साथ कायम है। उनका दूसरा दिवा स्वप्न भी उसी तरह बालू की भीत की तर ध्वस्त हो जायेगा। ये वहीं नौकरशाह हैं जो विगत 10 [दस] वर्षों से सरकार अपनी मर्जी से चलाते रहे हैं। माननीय मंत्री/विधायकगण भी सरकारी कामकाज में उनके अनावश्यक हस्तक्षेप से त्रस्त हैं भले ही वे दवी जवान से ही स्वीकार करें। औ तो और उनके अपने भा0प्र0से0 बिरादरी के वरीय सदस्य भी इसी तरह त्रस्त हैं। तभी तो ऐसे पदाधिकारी जो सरकारी ऋण से आवासीय मकान बनाये हुए हैं नियम अपने ही मकान में नहीं रहकर उसे किराया पर लगाकर मोटी रकम कमाते हैं एवं सरकारी बंगला में रहते हैं। सरकार के निदेश पर जब ऐसी सूची बनाई गई एवं अप ही प्रथम नाम देख कर ऐसे रंज हुए कि बेचारे भवन सचिव सप्ताह के अन्दर ही उनक कोपभाजन बनकर अपना विस्तर उस विभाग से समेटने के लिये विवश हुए। ऐसे वे अकेले पदा0 नहीं हैं बल्कि उनकी लम्बी सूची है। ऐसे पदा0 सरकार को किसि कि नियम की शिक्षा देते या बात करते हैं। नियम बनाने के नियामक ही उसे तोड़ते हैं एवं तोड़कर मोटी रकम कमाते हैं। फिर वे उपदेश किसे देते हैं।

इसके अतिरिक्त जहाँ नैतिकता एवं भ्रष्ट आचरण का प्रश्न है एक महज छोटा उदाहरण समझने के लिए पर्याप्त है। वह यह है कि भा0प्र0से0 के पदा0 स्थानान्तरण होने पर पटना परिसदन को आवास मिलने तक आवास बनाते हैं एवं उसका दैनिक किराया 6/- से 10/- प्रति दिन देकर आवासीय भत्ता के रूप में एक मोटी रकम सरकार से लेते हैं जो साफ तौर पर वित्तीय अनियमितता है। फिर सरकार के वरिष्ठ नौकरशाह किस नैतिकता के आधार पर हमारी स्वीकृत माँगों क अनुपालन नहीं कर हड़ताल को लम्बा खींच कर किस राज्यहित/आम नागरिक के हित क पूर्ति कर रहे हैं। विकास/साहाय्य एवं कल्याण के कौन से कार्य हो रहे हैं।

बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन
जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-८०० ००१

दूरभाष :
अध्यक्ष : 226623 (R)
महासचिव : 220227 (O), 286865 (R)
कोषाध्यक्ष : 351334 (R)

अध्यक्ष
वजीन्द्र नारायण सिंह
(डब्लू० एन० सिंह)

महासचिव
गंगाधर लाल दास
(जी० एल० दास)

उपाध्यक्ष
फेराक अहमद
अरुण चन्द्र मिश्र

संयुक्त सचिव
अर्जुन प्रसाद
कृष्ण मुरारी शर्मा

कोषाध्यक्ष
केशव रंजन प्रसाद

Truth Will Triumph

पत्र संख्या.........................

पटना
दिनांक..............................

उक्त स्थिति में हम सरकार से पुनः अनुरोध करते हैं कि ऐसे भ्रष्ट/अनैतिक एवं चापलूस नौकरशाह के चंगुल से अपने को मुक्त कर स्वविवेक से राज्य हित में हड़ताल को समाप्त करने की दिशा में सकारात्मक पहल करें अन्यथा हड़ताल जारी है जारी रहेगा ।

अन्त में हम पुनः अपने सदस्यों से अनुरोध करते हैं कि वे सरकार के किसी भी प्रलोभन/दबाव के आगे गुमराह नहीं हों एवं अपनी मांगों की पूर्ति तक हड़ताल पर बने रहें । यह उनकी स्मिता/सम्मान रक्षा की अंतिम लड़ाई है ।

जय संघ   जय बिहार   जय भारत

गंगाधर लाल
3.10.2000

{ गंगाधर लाल दास }
महासचिव

{ डब्लू० एन० सिंह }
अध्यक्ष

ज्ञापांक-187   दिनांक-3-10-2000.

प्रतिलिपि- निदेशक, आकाशवाणी/दूरदर्शन, पटना/ब्यूरो प्रमुख पी०टी०आई०/यू०एन०आई एक्सप्रेस मिडिया सर्विस/समाचार सम्पादक, सभी दैनिक हिन्दी/अंग्रेजी समाचार पत्रों में प्रसारण एवं प्रकाशन हेतु प्रेषित ।

गंगाधर लाल
3.10.2000

{ गंगाधर लाल दास }
महासचिव